इलेक्ट्रॉनिक ज्योति

वर्ष 2016

त्रैमासिक राजभाषा पत्रिका वर्ष 5 अंक 20(अक्टूबर2016)

(नि:शुल्क वितरण के लिए)

सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
पिलानी (राजस्थान) 333031

विभिन्न आयोजन

- ***'उच्च शक्ति सूक्ष्म तरंग नलिकाओं तथा प्लाज़्मा युक्तियों हेतु रोडमैप' पर एक-दिवसीय वैज्ञानिक गोष्ठी***

25 जुलाई 2016 को एक-दिवसीय वैज्ञानिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य सूक्ष्म तरंग नलिकाओं तथा इससे जुड़ी प्रौद्योगिकियों में परमाणु ऊर्जा विभाग की संस्थाओं के वर्तमान नेशनल फ्यूज़न एंड एक्सलरेटर प्रोग्राम की अपेक्षाओं के अनुरूप आगामी 10-15 वर्षों के लिए कार्य योजना तैयार करना था। आयोजन में सीएसआईआर-सीरी सहित भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, इलेक्ट्रॉनिक्स कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लि., राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केंद्र आदि प्रमुख संगठनों के वैज्ञानिक प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) के मुंबई से श्रीमती कविता दीक्षित, डॉ मंजिरी पांडे, डॉ राजेश कुमार व डॉ जयंत मंडल, बीएआरसी-विशाखापत्तनम से डॉ ऋषि वर्मा, डॉ गुरशरण सिंह व श्री रोहित शुक्ल, आरआरकैट-इंदौर से डॉ एम लाड व श्री रमेश कुमार, इलेक्ट्रॉनिक्स कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लि.(ईसीआईएल)-हैदराबाद से श्री सुतीश कुमार, आईपीआर-गाँधी नगर से डॉ हितेश पांड्या व डॉ अंजलि शर्मा के अतिरिक्त सीएसआईआर-सीरी के सूक्ष्मतरंग नलिका क्षेत्र के वैज्ञानिकों ने प्रतिभागिता की। गोष्ठी की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक प्रो. शांतनु चौधुरी ने की। इस अवसर पर सभागार में गोष्ठी के प्रतिभागियों के अतिरिक्त संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक, शोध अध्येता, परियोजना कर्मी एवं अन्य शोध-छात्र व प्रशिक्षणार्थी भी उपस्थित थे।

- ***70वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह***

15 अगस्त 2016 को संस्थान में राष्ट्र का 70वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। संस्थान के मुख्य लॉन में आयोजित समारोह में संस्थान के निदेशक प्रो शांतनु चौधुरी, संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक व अन्य सहकर्मियों के साथ सीरी विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण व विद्यार्थी तथा पिलानी के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिकों व अन्य अधिकारियों तथा सीरी विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य ने प्रो. शांतनु चौधुरी का समारोह स्थल पर पहुँचने पर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक प्रो शांतनु चौधुरी द्वारा राष्ट्र ध्वज फहराने के साथ हुआ। ध्वजारोहण के बाद उपस्थित जनसमूह ने सीरी विद्या मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा बैंड पर बजाई गई धुन पर राष्ट्र गान गाया। इसके बाद उन्हें परंपरानुसार 'गॉर्ड ऑफ ऑनर' दिया गया। अपने स्वतंत्रता दिवस उद्बोधन में संस्थान के ***निदेशक प्रो.शांतनु चौधुरी*** ने संस्थान के सहकर्मियों, उनके परिजनों, सीरी विद्या मंदिर के अध्यापकों, स्टाफ व विद्यार्थियों तथा उपस्थित जनसमुदाय को राष्ट्र के 70वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। इससे पूर्व स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर संध्या फेरी का भी आयोजन किया गया जिसमें निदेशक महोदय के नेतृत्व में संस्थान के सहकर्मियों, परियोजनाकर्मियों, छात्रों व कॉलोनी वासियों ने कॉलोनी परिसर में देश भक्ति गीत गाए।

- ***सीएसआईआर-सीरी के 64वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में प्रौद्योगिकी कार्यशाला का आयोजन***

19 सितंबर 2016 को प्रौद्योगिकी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संस्थान के वैज्ञानिकों व तकनीकी सहकर्मियों के लाभार्थ व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया जिसमें प्रो. नरेन्द्र आहुजा, निदेशक, सूचना प्रौद्योगिकी अनुसंधान अकादमी (आईटीआरए), श्री सुरेन्द्र सिंह, निदेशक, सेमिकंडक्टर प्रयोगशाला (एससीएल) तथा श्री तपन मिश्रा, निदेशक अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (एसएसी) अहमदाबाद जैसे सुप्रसिद्ध एवं वरिष्ठ वैज्ञानिकों व प्रौद्योगिकीविदों द्वारा व्याख्यान दिए गए। कार्यशाला की अध्यक्षता सीएसआईआर-सीरी के निदेशक प्रो. शांतनु चौधुरी ने की। इस अवसर पर संस्थान के विभिन्न वैज्ञानिक प्रभागों/क्षेत्रों के वैज्ञानिक, तकनीकी सहकर्मी एवं शोध छात्र उपस्थित थे। सीएसआईआर-सीरी के ***निदेशक प्रो. शांतनु चौधुरी*** ने सभी विद्वान वक्ताओं का स्वागत किया और पिलानी आगमन हेतु उनके प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस व्याख्यानमाला से हमारे साथियों को इन संस्थानों में हो रहे शोध कार्यों की जानकारी मिलेगी।

- ***64वाँ सीरी स्थापना दिवस***

21 सितंबर, 2016 को संस्थान का 64वाँ स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ हर्षवर्धन, माननीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान मंत्री तथा उपाध्यक्ष, सीएसआईआर संस्थान में पधारे थे। प्रतिष्ठित वैज्ञानिक पद्मश्री प्रो. शंकर के. पाल, पूर्व निदेशक, भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, कोलकाता समारोह के विशिष्ट अतिथि थे। साथ ही, डॉ सुदीप कुमार, अध्यक्ष, पीएमडी, सीएसआईआर, विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक प्रो. शांतनु चौधुरी ने की। संस्थान के मुख्य सभागार में आयोजित भव्य समारोह में संस्थान के सहकर्मियों, पूर्व सहकर्मियों सहित पिलानी के विभिन्न संस्थानों के प्रमुख व गणमान्य नागिरक तथा मीडिया के प्रतिनिधि भी सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि एवं माननीय केंद्रीय मंत्री ***डॉ हर्षवर्धन*** ने संस्थान के सभी वर्तमान व पूर्व सहकर्मियों को 64वें स्थापना दिवस की बधाई दी। अपने मुख्य अतिथीय उद्बोधन में उन्होंने राष्ट्रीय विकास में सीएसआईआर प्रयोगशालाओं के योगदान की चर्चा की। सायंकाल को आयोजित कार्यक्रम में प्रो. शंकर पाल ने सहकर्मियों को सेवा पुरस्कार वितरित किए।

- ***खुला दिवस (ओपन डे)***

22सितंबर 2016 को खुला दिवस अर्थात ओपन डे का आयोजन किया किया। इस अवसर पर पिलानी व निकटवर्ती विद्यालयों व अन्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों व शिक्षकों को संस्थान में आमंत्रित किया गया। 'ओपन डे' के अवसर पर संस्थान में कई स्थानीय एवं अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों व औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्रशिक्षणार्थियों ने संस्थान का भ्रमण किया। स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में आयोजित किए गए खुला दिवस (ओपन डे) में स्कूलों वऔद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को सीरी द्वारा विकसित कुछ प्रमुख प्रौद्योगिकियों एवं उत्पादों की प्रदर्शनी दिखाई गई। प्रदर्शनी में आए विद्यार्थियों को संस्थान के वैज्ञानिकों ने सरल व सहज भाषा में सीरी द्वारा विकसित इन प्रौद्योगिकियों की जानकारी दी तथा समाज व देश के लिए इनके लाभों को भी बताया।

- ***75वाँ (प्लैटिनम जुबिली) सीएसआईआर स्थापना दिवस***

30 सितंबर 2016 को विश्व में सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े शोध संगठन सीएसआईआर के प्लैटिम जुबिली अर्थात 75***वें स्थापना दिवस*** के उपलक्ष्य में भव्य समारोह आयोजित किया गया। संस्थान के पूर्व मुख्य

वैज्ञानिक ***डॉ आर के नाहर*** समारोह के ***मुख्य अतिथि*** थे। समारोह की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक प्रो शांतनु चौधुरी ने की। संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष परिषद का स्थापना दिवस अत्यंत उल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया जाता है । संस्थान के मुख्य सभागार में आयोजित इस समारोह में संस्थान के सहकर्मी, सेवानिवृत्त सहकर्मी तथा पिलानी के विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। सीएसआईआर स्थापना दिवस का मुख्य समारोह 26 सितंबर 2016 को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित किया गया जिसमें देश के माननीय प्रधानमंत्री व अध्यक्ष, सीएसआईआर श्री नरेन्द्र मोदी मुख्य अतिथि थे।

✓ ***मेम्स प्रौद्योगिकी तथा संवेदकों पर आर एंड डी उद्योगों तथा अंतिम उपयोक्ता के बीच अंत:क्रिया/सहक्रिया तथा जागरूकता कार्यशाला***

भारत सरकार के समर्थ भारत मिशन के अंतर्गत संस्थान द्वारा सामरिक क्षेत्र के अनुप्रयोगों के लिए मेम्स प्रौद्योगिकी तथा संवेदकों पर शोध व विकास उद्योगों व अंतिम-उपयोक्ता के बीच अंत:क्रिया/सहक्रिया स्थापित करने व इस संबंध में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से 1 जुलाई 2016 को विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली में एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में हमारे सामरिक शोध-व-विकास/ औद्योगिक सहयोगियों की अपेक्षाओं की पूर्ति के लिए उत्पादों, प्रौद्योगिकियों तथा उच्च स्तरीय ज्ञान आधारित सेवाएँ प्रदान करने के लिए कार्य-योजना तैयार करने पर चर्चा की गई। इस आयोजन में इसरो के विभिन्न प्रयोगशालाओं - एससीएल-मोहाली, सैक-अहमदाबाद, आइआईआरएस-देहरादून तथा बीईएल-बैगलूरु, जेके इंडस्ट्रीज़ तथा रिग नैनो सिस्टम्स-नई दिल्ली के प्रतिनिधियों/वैज्ञानिकों ने भाग लिया ।

पुरस्कार/सम्मान

✓ ***सीएसआईआर युवा वैज्ञानिक पुरस्कार 2016***

डॉ. बालासुब्रमण्यम पेसला

संस्थान के चेन्नै केंद्र में कार्यरत वैज्ञानिक डॉ. बालासुब्रमण्यम पेसला, को नॉवल स्मार्ट विन्डो की अवधारणा से फोटोवॉल्टिक उपकरणों को एकीकृत करते हुए सौर ऊर्जा संचयन तथा अप्रकट टेराहेर्ट्ज़ टैग का उपयोग कर सुरक्षा संबंधी कार्यों के लिए नवीन रूपरेखा के विकास में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए अभियांत्रिकी विज्ञान में वर्ष 2016 के लिए सीएसआईआर युवा वैज्ञानिक पुरस्कार प्रदान किया गया। डॉ पेसला को यह पुरस्कार सीएसआईआर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 26 सितंबर 2016 को नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में माननीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने प्रदान किया।

✓ ***डॉ (श्रीमती) स्वराज श्रीवास्तव स्मृति पुरस्कार - 2016***

सुश्री ए. मर्सी लता, वैज्ञानिक

पूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ (श्रीमती) स्वराज श्रीवास्तव की स्मृति में स्थापित किया गया यह पुरस्कार (***डॉ स्वराज श्रीवास्तव मेमोरियल अवार्ड फॉर बेस्ट वूमेन रिसर्चर***) संस्थान की वैज्ञानिक सुश्री ए. मर्सीलता को प्रदान किया गया। संस्थान की महिला वैज्ञानिकों द्वारा किए जाने वाले उल्लेखनीय एवं उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए स्थापित यह पुरस्कार सुश्री मर्सीलता को उनके द्वारा 1 जुलाई 2015 से 30 जून 2016 की अवधि में किए गए उल्लेखनीय एवं उत्कृष्ट शोध कार्यों के लिए प्रदान किया गया।

महत्वपूर्ण बैठकें

➢ ***आईईटीई पिलानी केंद्र***

आईईटीई, पिलानी केंद्र की वार्षिक आम सभा की बैठक 5 अगस्त 2016 को संस्थान के पुराने सभागार में की गई।

➢ ***अन्य बैठकें***

1. युवा वैज्ञानिकों के साथ निदेशक की बैठक 03 मई 2016
2. आईएचसीआई 2016 आयोजन समिति 27 मई 2016

संस्थान में आमंत्रित व्याख्यान

✓ ***विषय*** – माई एक्सपीरिएन्स डूइंग साइंस इन इंडिया

वक्ता – डॉ प्रसनजीत सेन,
स्कूल ऑफ फिजिकल साइंसेज़
जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

दिनांक – 20 जुलाई 2016

✓ ***विषय*** – कैथोड डेवलपमेन्ट प्रोग्राम एट डीआरडीओ-एमटीआरडीसी

वक्ता – डॉ के एस भट,
उपनिदेशक, डीआरडीओ-एमटीआरडीसी

दिनांक – 19 अगस्त 2016

परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुतीकरण

1. ***परियोजना*** - डिजाइन एंड डेवलपमेन्ट ऑफ इलेक्ट्रॉन बीम कंप्रेशन रीजन फॉर 100 किलोवॉट मिलीमीटर वेव जायरोट्रॉन

   प्रकार – सहयोगात्मक (कोलैबोरेटिव)

   प्रस्तुतकर्ता – डॉ अनिर्बान बेरा, परियोजना प्रमुख

   दिनांक – 27.07.2016

2. ***परियोजना*** – टेक्नोलॉजी डेवलपमेन्ट ऑफ हाई करंट डेन्सिटी नैनो स्कैन्डेट कैथोड्स

   प्रस्तुतकर्ता – डॉ रंजन कुमार बारिक, परियोजना प्रमुख

   दिनांक – 27.07.2016

पेटेन्ट

✓ ***फाइल करने की प्रक्रिया में पेटेन्ट***

1.शीर्षक – बाई-मॉडल लाइट एमिटिंग डायोड्स

लेखक – डॉ मनीष मैथ्यू एवं अन्य

2.शीर्षक – नॉन इन्वेसिव डिवाइस टु एक्सेस डायबेटिक कंडीशन

लेखक/शोधकर्ता – डॉ अजय अग्रवाल एवं अन्य

3.शीर्षक – 3डी हाई डेफिनिशन एन्डोस्कोप फॉर डेन्टल एग्ज़ामिनेशन एंड कैविटी डैमेज असेसमेन्ट

लेखक/शोधकर्ता – डॉ जे एल रहेजा एवं अन्य

4.शीर्षक – अनऑब्स्ट्रुसिव एंड नॉन-इन्वेसिव ह्यूमन ऐक्टिविटी रेकग्निशन सिस्टम यूजिंग काइनेक्ट

लेखक/शोधकर्ता - डॉ जे एल रहेजा एवं अन्य

5. ***शीर्षक*** – लो कॉस्ट इन्टीग्रेटेड सिंगल बोर्ड कंप्यूटिंग विद सेन्सिंग प्लैटफॉर्म फॉर न्यूमरस ऐप्लिकेशन्स
लेखक/शोधकर्ता – डॉ नरेन्द्र बहादुर सिंह एवं अन्य

शोधपत्र प्रस्तुतीकरण

- ***सम्मेलन/संगोष्ठी*** – आईईईई 1st इन्टरनेशनल कॉन्फरेन्स ऑन पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, इन्टेलिजेन्ट कंट्रोल एंड एनर्जी सिस्टम्स (IEEE ICPEICES-2016)
  स्थान – दिल्ली प्रौद्योगिकीय विश्वविद्यालय, दिल्ली
  दिनांक - 4-6 जुलाई 2016
  1) ***शोधपत्र*** – सिरिंज इन्फ्यूज़न पंप एम्बेडेड कंट्रोल सिस्टम
     वक्ता/प्रस्तुतकर्ता – डॉ बी ए बोते, वैज्ञानिक
  2) मॉडलिंग एंड इम्प्लिमेन्टेशन ऑफ इन्टेलिजेन्ट कम्युनिकेशन सिस्टम फॉर बीएलडीसी मोटर इन अंडर वाटर रोबोटिक एप्लिकेशन्स
     वक्ता/प्रस्तुतकर्ता – श्री सुरेन्द्र सिंह पटेल, एसपीएफ

- ***सम्मेलन/संगोष्ठी*** – 4th इंटरनेशनल कॉन्फरेन्स ऑन एडवांस्ड कंप्यूटिंग, नेटवर्किंग एंड इन्फॉर्मेटिक्स (ICACNI-2016)
  स्थान – एनआईटी, राउरकेला
  दिनांक -22-24 सितंबर 2016
  शोधपत्र – डेवलपमेन्ट ऑफ 3डी फुल एचडी एन्डोस्कोप कैपेबल ऑफ स्केलिंग व्यू ऑफ द सिलेक्टेड रीजन
  वक्ता/प्रस्तुतकर्ता – श्री धीरज, वैज्ञानिक

एसीएसआईआर/पीजीआरपीई गतिविधियाँ

➢ ***पीएचडी छात्रों की मौखिक परीक्षा (वाइवा वोस)***

1. श्री जितेन्द्र सिंह, वैज्ञानिक

शोध प्रबंध शीर्षक : डेवलपमेन्ट ऑफ मैग्नेटिक नैनो कंपोज़िट्स थिन फिल्म्स
दिनांक : 20 जुलाई 2016

➢ ***पीएचडी ओपन कोलॉक्युम***

वक्ता : संदीप कुमार व्यास, पीएचडी छात्र
शोध प्रबंध शीर्षक/विषय : स्टडी ऑफ एफिशिएन्सी एन्हान्समेन्ट इन हाई पावर माइक्रोवेव मैग्नेट्रॉन
दिनांक : 8 अगस्त 2016

➢ ***पीएचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश परिणाम***

- निम्नलिखित *IMP*-2014 विद्यार्थियों को उनके एम टेक डिग्री पूरी करने के बाद पीएचडी में सशर्त एवं अनंतिम प्रवेश दिया गया है -

पीएचडी (इंजीनियरिंग)

1. तापस कुमार दाश
2. मोहम्मद अफाक़ हुसैन

- निम्नलिखित एमई/एम टेक विद्यार्थियों को उनके एम टेक डिग्री पूरी करने के बाद पीएचडी में सशर्त एवं अनंतिम प्रवेश दिया गया है -

पीएचडी (इंजीनियरिंग)

1. विशाखा पारीक   3. रमित कुमार मंडल
2. सौमेन्दु सिन्हा   4. सिनम सारदा देवी

- निम्नलिखित बीई/बीटेक विद्यार्थियों को उनके बीई/बीटेक डिग्री पूरी करने के बाद डायरेक्ट पीएचडी पाठ्यक्रम में सशर्त एवं अनंतिम प्रवेश दिया गया है -

पीएचडी (इंजीनियरिंग)

1. सवाले ऋषिकेश रमाकान्त   3. पूजा चौधरी
2. मनीष कुमार द्विवेदी

प्रमुख राजभाषा गतिविधियाँ

✓ ***तिमाही प्रगति रिपोर्ट***

संस्थान के विभिन्न अनुभागों/समूहों/प्रभागों से सूचना/आँकड़े एकत्र एवं समेकित कर अप्रैल-जून 2016 तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन की प्रगति रिपोर्ट 27 जुलाई 2016 को संयुक्त सचिव, सीएसआईआर मुख्यालय को भेजी गई।

✓ ***हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन***

हिंदी पाठ पठन (हिंदी भाषी)	15 जुलाई 2016
हिंदी पाठ पठन (हिंदीतर भाषी)	19 जुलाई 2016
अनुवाद व भाषा ज्ञान	11 अगस्त 2016

✓ ***राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक***

निदेशक महोदय की अध्यक्षता में जुलाई-सितंबर 2016 तिमाही की बैठक दिनांक 28 जुलाई 2016 को आयोजित की गई। बैठक का कार्यवृत्त तैयार कर सभी राकास सदस्यों व सीएसआईआर मुख्यालय एवं संबद्ध प्रयोगशालाओं को सूचनार्थ भेजा गया।

✓ ***हिंदी सप्ताह एवं हिंदी दिवस का आयोजन***

सीएसआईआर - केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान, पिलानी में ***5-9 सितंबर 2016*** तक ***हिंदी सप्ताह*** का आयोजन किया गया। विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी जनवरी से अगस्त 2016 तक 07 प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। इनके अतिरिक्त हिंदी सप्ताह के दौरान 06 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस प्रकार संस्थान में इस वर्ष कुल 13 प्रतियोगिताओं तथा प्रश्न मंच का आयोजन किया गया। दिनांक 14 सितंबर 2016 को हिंदी दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें इन प्रतियोगिताओं के 95 विजेताओं को संस्थान के निदेशक प्रो. शांतनु चौधुरी ने पुरस्कृत किया। पुरस्कार वितरण समारोह में विजेताओं के अलावा राजभाषा कार्यान्वयन समिति के वरिष्ठ सदस्य, हिंदी सप्ताह आयोजन समिति के सदस्य तथा अन्य सहकर्मी उपस्थित थे।

✓ *राजभाषा प्रोत्साहन पुरस्कार*

संस्थान में लागू राजभाषा प्रोत्साहन योजनाओं के 42 विजेताओं को हिंदी दिवस के अवसर पर प्रो. शांतनु चौधुरी, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त राजभाषा चल वैजयंती पुरस्कार (प्रशासनिक वर्ग में स्थापना 2 तथा वैज्ञानिक/तकनीकी वर्ग में भवन निर्माण एवं अनुरक्षण अनुभाग को) भी दिए गए।

✓ *प्रकाशन कार्य*

- ***इलेक्ट्रॉनिक ज्योति*** - राजभाषा पत्रिका 'इलेक्ट्रॉनिक ज्योति', वर्ष 5, अंक 19 (जुलाई 2016) अंक का संपादन एवं प्रकाशन किया ।
- ***राजभाषा संदर्शिका*** - संस्थान के राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा राजभाषा संदर्शिका, अंक – 3 का प्रकाशन भी किया गया जिसका विमोचन हिंदी दिवस 2016 के अवसर पर निदेशक, सीएसआईआर-सीरी द्वारा किया गया। इस पत्रिका में प्रकोष्ठ द्वारा वर्ष पर्यन्त किए गए प्रमुख कार्यों का संकलन किया गया है।
- ***वार्षिक रिपोर्ट एवं सीरी समाचार/न्यूज*** – अनुवाद कार्य में सहयोग तथा प्रकाशन हेतु हिंदी सामग्री उपलब्ध कराई।
- ***सीएसआईआर-सीरी एक परिचय*** – संस्थान की प्रमुख उपलब्धियों/गतिविधियों से संबंधित ब्रोशर/फोल्डर का प्रकाशन।

वार्षिक प्रतिवेदन तथा फोल्डर का विमोचन संस्थान के 64वें स्थापना दिवस के अवसर पर 21 सितंबर 2016 को माननीय विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने किया।

स्टाफ क्लब समाचार

- ***बैडमिंटन***

गाँधी हॉल में जुलाई 2016 में संस्थान सहकर्मियों का डबल्स बैडमिंटन टूर्नामेन्ट आयोजित किया गया। 11 जुलाई 2016 को आयोजित फाइनल मुकाबले में श्री घनश्याम सैनी व श्री विक्रम रावत की जोड़ी को हरा कर श्री राजा हरि व श्री मनदीप की जोड़ी ने विजेता होने का गौरव प्राप्त किया।

- ***लॉन टेनिस***

आईएमएमटी, भुवनेश्वर में आयोजित होने वाले ठक्कर मेमोरियल लॉन टेनिस टूर्नामेन्ट में प्रतिभागिता के लिए संस्थान के सहकर्मियों का ट्रायल (परीक्षण) 27 से 30 सितंबर 2016 तक किया गया। ट्रायल में श्री नीरज कुमार, वैज्ञानिक; श्री सुशील शुक्ल, वैज्ञानिक तथा श्री ओम रंजन, वैज्ञानिक सफल रहे।

प्रशासनिक समाचार

➢ *पदोन्नतियाँ*

क्र.	*नाम व वर्तमान पदनाम*	*पदोन्नत पद*
1	*श्री हरफूल सिंह, सहायक (सा.) ग्रे.II*	सहायक (सा.) ग्रे.I
2	श्री रविन्दर शर्मा,सहायक (वि-ले)ग्रे. II	सहायक (वि-ले) ग्रे. I

➢ *भर्ती/नई नियुक्ति*

क्र.	*नाम व पदनाम*	*कार्यग्रहण की तिथि*
1	डॉ विजय चटर्जी, वैज्ञानिक	04.07.2017

➢ *साक्षात्कार*

1) परीक्षा एवं साक्षात्कार – शिक्षु (एप्रेन्टिस) दिनांक 15.09.2016
2) साक्षात्कार - पीए I/II/II दिनांक 16.08.2016
3) साक्षात्कार – पीए I/II/III दिनांक 5-6 अक्टूबर 2016

✓ *संस्थान में स्थानांतरण के उपरांत कार्यभार ग्रहण*

श्री वेदप्रकाण सैनी, तकनीशियनII(1) ने सीएसआईआर-सीमैप से स्थानांतरण के बाद 01.09.2016 को सीएसआईआर-सीरी,पिलानी में कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

✓ *आंतरिक स्थानांतरण*

श्री ललित कुमार खन्ना, वरिष्ठ तकनीशियन (1) ने आईईजी से कार्यमुक्त हो कर स्थापना अनुभाग III में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। यह स्थानांतरण जनहित में किया गया है।

➢ *सेवानिवृत्तियाँ*

क्र. नाम व पदनाम	*दिनांक*
1. श्री मेहर सिंह, वरि. अधीक्षण अभियंता	31.07.2016
2. श्री नरेश कुमार पांडे, वरि. तक. अधिकारी	31.07.2016
3. श्री पूर्ण मल, ड्राइवर	31.07.2016
4. श्री ब्रजेश जोशी, प्र. तक.अधिकारी (स्वैच्छिक)	12. 08.2016

- विशेष –

संस्थान के प्रभारियों/निदेशकों की सूची

क्र. नाम	*पदनाम*	*अवधि*
1. डॉ एन बी भट्ट	योजना अधिकारी	1953-57
2. डॉ बी एच वाडिया	परियोजना अधिकारी	1957-59
3. डॉ अमरजीत सिंह	परियोजना अधिकारी	1959-63
4. डॉ डी एल सुब्रह्मण्यम	परियोजना अधिकारी	1962-63
5. डॉ अमरजीत सिंह	निदेशक	1963-84
6. डॉ जी एन आचार्य	निदेशक	1984-89
7. डॉ डब्ल्यु एस खोकले	निदेशक	1989-93
8. प्रो. आर एन बिस्वास	निदेशक	1993-99
9. डॉ शमीम अहमद	निदेशक	1999-2003
10. डॉ चंद्रशेखर	निदेशक	2003-2015
11. डॉ आर के सिन्हा	निदेशक (अतिरिक्त कार्यभार)	6 नवंबर 2015 से 8 मार्च 2016
12. प्रो. शांतनु चौधुरी	निदेशक	9 मार्च 2016 से पदासीन

चित्र दीर्घा (फोटो गैलरी)

गोष्ठी में अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए प्रो. राज सिंह, मुख्य वैज्ञानिक, सीएसआईआर-सीरी

सीरी स्थापना दिवस के अवसर पर दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का उद्घाटन करते हुए
मुख्य अतिथि डॉ हर्षवर्धन, माननीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री

हिंदी दिवस के अवसर पर 'राजभाषासंदर्शिका' का विमोचन करते हुए
प्रो. शांतनु चौधुरी, निदेशक सीएसआईआर-सीरी

वार्षिक प्रतिवेदन का विमोचन करते हुए मुख्य अतिथि डॉ हर्षवर्धन एवं मंचस्थ अतिथिगण

सहकर्मियों को संबोधित करते हुए प्रो. शांतनु चौधुरी, निदेशक सीएसआईआर-सीरी

मुख्य अतिथि डॉ हर्षवर्धन को संस्थान की ओर से स्मृति चिह्न भेंट करते हुए
प्रो. शांतनु चौधुरी, निदेशक, सीएसआइआर-सीरी

स्थापना दिवस से पूर्व पत्रकारों को संस्थान की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए
प्रो. शांतनु चौधुरी, निदेशक सीएसआईआर-सीरी

प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी में जानकारी लेते हुए माननीय डॉ हर्षवर्धन

स्थापना दिवस कार्यक्रमों की श्रृंखला में आयोजित प्रौद्योगिकी कार्यशाला में प्रस्तुतीकरण देते हुए डॉ
नरेन्द्र आहुजा, निदेशक, आईटीआरए

सीएसआईआर स्थापना दिवस पर सहकर्मियों को संबोधित करते हुए
प्रो. शांतनु चौधुरी, निदेशक सीएसआईआर-सीरी

संरक्षक – प्रो. शांतनु चौधुरी, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी **संपादक** - श्री रमेश बौरा, हिंदी अधिकारी
प्रकाशक - राजभाषा प्रकोष्ठ, सीएसआईआर-सीरी **प्रकाशनाधिकार** © निदेशक, सीएसआईआर-सीरी